Title: Need to provide funds for early completion of conversion work of rail line between Kanpur and Hathras (U.P.).

श्री चन्द्रभाण सिंह (फरूखाबाद): कानपुर से हाथरस के बीच रेल्वे की मीटरगेज लाईन का ब्राडगेज लाईन में आमान परिवर्तन का कार्य बडे जोर शोर से आरम्भ किया गया था। इस क्षेत्र के लोगों को यह भान था कि आमान परिवर्तन की प्रक्रिया समय से पूरी हो जायेगी, परन्तु वर्तमान परिस्थिति यह है कि कानपुर एवं हाथरस के बीच आमान परिवर्तन का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिसकी मूल वजह पर्याप्त फण्ड की अनुप्लब्धता है।

प्रारम्भ में इस योजना पर कुल 230 करोड रूपये के व्यय का आकलन किया गया था, इसमें से लगभग केवल 65 करोड रूपये अब तक उपलब्ध कराया जा सका है। यहां पर यह उल्लेखनीय है कि यदि यह कार्य शीघ्र पूरा हो जाता है तो इस क्षेत्र के लोगों के लिए लखनऊ, दिल्ली एवं देश के अन्य भागों की रेल यात्रा सुगम हो सकेगी।

अतः माननीया रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र के नागरिकों की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शीघ्र पूरा होने के लिये पर्याप्त धन उपलब्ध कराने का कष्ट करें।